

# एसआईआर के काम में लगे शिक्षक, स्कूल में लटके ताले

**खास बातें**

- स्कूल 3 दिन से बंद परीक्षाओं का समय भी टाला
- संकुल प्राचार्य ने कहा करेंगे वैकल्पिक व्यवस्था




**नवभारत न्यूज**

**विदिशा 22 नवम्बर, निर्वाचन के काम में लगे स्कूल शिक्षकों के स्कूल न पहुंचने के चलते सरकारी स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों की पढ़ाई पर असर पड़ रहा है. शहर के ही एक सरकारी स्कूल में तीन दिन से ताले लटके हैं बच्चों स्कूल में ताला लगा देखकर वापस चले जाते हैं. ऐसे हालात शहर के एक स्कूल के नहीं बल्कि कई स्कूलों के जहां पर समय पर स्कूल नहीं लग पा रहे हैं. इसी तरह ग्रामीण क्षेत्रों में कई स्कूलों के मामले सामने आ रहे है जहां पर तैनात शिक्षकों में से कुछ की डियटी निर्वाचन के एसआई आर में लगा दी गई है.जिसके चलते पढ़ाई प्रभावित हो रही है.**

जिला मुख्यालय पर गर्ल्स स्कूल संकुल के अंतर्गत हाई रोड पर स्थित प्राथमिक शाला सिंधी शाला में पिछले तीन दिनों से ताले लगे हुए हैं बच्चों की पढ़ाई नहीं हो पा रही है क्योंकि यहां पदस्थ एक शिक्षिका को एसआइआर कार्य में बूथ लेवल ऑफिसर के सहयोगी के रूप मे लगाया गया है. चार दिन पहले प्रशासन के आदेश के बाद यहां सूचना की गई साथ-साथ स्कूल बंद होने की बारे में भी जानकारी दी गई यहां पढ़ने वाले बच्चे 3 दिन से नहीं आ पा रहे हैं उनकी पढ़ाई नहीं हो पा रही है मैं इसे लेकर जब संकुल प्राचार्य से बात की गई तो उन्होंने बताया कि यहां जो शिक्षिका पदस्थ है उन्हें बीएलओ का सहायक बनाया गया है इसकी वजह से स्कूल बंद है हालांकि उन्होंने कहा कि स्कूल बंद ना हो इसको लेकर व्यवस्थाएं की जा रही है.

# एसआईआर फार्म समय पर जमा करने के लिए किया प्रेरित

**विधायक और भाजपा नेताओं ने वार्ड में किया जनसंपर्क**



**नवभारत न्यूज**

**विदिशा 22 नवम्बर,** वार्डों में घर घर पहुंचकर नागरिकों को निर्वाचक नामावली विशेष गहन पुननिरीक्षण एसआईआर में फॉर्म जमा करने के लिए प्रेरित कर रहे हैं विदिशा विधायक मुकेश टंडन और भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे. बेस नगर मंडल के वार्ड क्रमांक 2 जतरा पुरा क्षेत्र मे बूथ क्रमांक 145 व 146 में एवं दुर्गा नगर मंडल के वार्ड 29 के बूथ क्रमांक 193,194,195 जन संबाद करते हुए निर्वाचन आयोग द्वारा चलाए जा रहे एसआईआर मतदाता सूची पुनरीक्षण के संबंध में नागरिक जनों से सही तरीके से फॉर्म भरने का और समय पर अपने फॉम को जमा करने को कहा अपील की और अगर फार्म भरने में कोई दिक्कत परेशानी हो तो अपने बीएलओ से संपर्क करें.इस दौरान सुरेंद्र चौहान दिनेश कुशवाह, सीएमओ दुर्गेश ठाकुर वार्ड 29 के पार्षद राम प्रसाद पासी संजीव कुशवाह अंकित श्रीवास्तव, अन्नू पासी, विशाल जैन पप्पू कुशवाह, लाखन कुशवाह, प्रदीप लोधी लियाकत खान आदि उपस्थित थे.

# कोरवासा में हुआ सप्तशक्ति संगम

**नवभारत न्यूज**

**सिरोंज,** सरस्वती शिशु मंदिर कोरवासा में शनिवार को सप्तशक्ति संगम कार्यक्रम का आयोजन किया गया. कार्यक्रम में मुख्य अतिथि राष्ट्रीय सेविका समिति की प्रांतीय अधिकारी जयश्री रघुवंशी, जिले की सप्तशक्ति संगम टोली सदस्य पूजा दांगी तथा सरपंच विमलेश धाकड़ मौजूद रहीं. इस आयोजन में कोरवासा सहित आसपास के ग्रामों से मातृशक्ति सम्मिलित हुई. कार्यक्रम में मुख्य वक्ता जयश्री रघुवंशी ने कुटुंब प्रबोधन, समरसता, पर्यावरण संरक्षण तथा पंच परिवर्तनों पर अपने विचार रखे. वही पूजा धाकड़ ने सरस्वती वंदना एवं भूरी कुमारी ने प्रस्तावना व प्रश्नोत्तरी का वाचन किया. इस दौरान महिलाओं ने भी अपने अनुभव और विचार साझा किये. इस मौके पर कार्यक्रम में मौजूद महिलाओं ने सामाजिक जागरूकता एवं पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया. कार्यक्रम का संचालन विद्यालय की शिक्षिका अनुष्का धाकड़ ने किया.

# 20 दिवस में थाना शमशाबाद पुलिस की चौथी सफलता

**नाबालिग बालिका को राजस्थान से किया दस्तयाब, आरोपी गिरफ्तार**




**नवभारत न्यूज**

**विदिशा, पुलिस अधीक्षक विदिशा रोहित काशवानी के निर्देशन, एएसपी डॉ. प्रशांत चौबे एवं एसडीओपी अमरेश बोहरे के मार्गदर्शन मेंऑपरेशन मुस्कान अभियान के अंतर्गत थाना शमशाबाद पुलिस को एक और बड़ी सफलता प्राप्त हुई है. महज़ 20 दिनों में यह चौथी दस्तयाबी है, जिसमें अपहृता नाबालिग बालिका को सकुशल बरामद किया गया. दिनांक 17 जनवरी को थाना शमशाबाद क्षेत्र में 13 वर्षीय बालिका के अपहरण की सूचना प्राप्त हुई.**

इस पर थाना शमशाबाद में मामला दर्ज कर जांच शुरू की.वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में गठित विशेष पुलिस टीम ने सतत प्रयास करते हुए दिनांक 20 नबंवर को अपहृता नाबालिग बालिका (उम्र 13 वर्ष) को राजस्थान राज्य के ग्राम किसनसर, थाना कालू, जिला बीकानेर से सकुशल दस्तयाब किया।बालिका को बहला-फुसलाकर ले जाने वाले आरोपी विक्की उर्फ विशाल पिता मेहरवान नाथ (सपेरा) उम्र 26 वर्ष, निवासी ग्राम बरखेड़ा जागीर को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेजा गया. इस सफल कार्रवाई में निरीक्षक वीरेन्द्र कुमार, उनि पिंकी खीची, उनि प्रकाश भिलाला सउनि मनोहर सिंह, आरक्षक विजय नावरिया, आरक्षक सुमेर सिंह राय एवं महिला आरक्षक भारती कुशवाह थाना आनंदपुर की सराहनीय भूमिका रही. विदिशा पुलिस द्वारा वर्ष 2025 में अब तक 339 से अधिक गुमशुदा एवं अपहृता बालक-बालिकाओं को सकुशल दस्तयाब कर परिजनों से मिलाया जा चुका है.

# पुलिस सेवा चुनकर अपने सपनों को हकीकत में बदलें-धन्वन्तरी

**पुलिस कैसे बने 6 दिवसीय कार्यशाला का समापन**



**नवभारत न्यूज**

**विदिशा**, सपने बड़े रखिए, मेहनत ईमानदार रखिए और पुलिस सेवा चुनकर अपने सपनों को हकीकत में बदल दीजिए.पुलिस सेवा केवल एक नौकरी नहीं, बल्कि देश और समाज के प्रति समर्पण का रास्ता है.जो युवा बड़े सपने देखते हैं और उन्हें मेहनत, अनुशासन व साहस के साथ पूरा करना चाहते हैं, उनके लिए पुलिस बनना एक शानदार विकल्प है. पुलिस वर्दी सिर्फ शक्ति का प्रतीक नहीं, बल्कि जिम्मेदारी, मानवता और सेवा भावना का भी प्रतीक है. यह विचार अर्जुन और विक्रम अवार्ड से सम्मानित पुलिस अधिकारी धन्वन्तरी ठाकुर ने शासकीय आदर्श महाविद्यलय जाफरखेडी विदिशा में व्यक्त किए.

पुलिस कैसे बने,छह दिवसीय कार्यशाला के समापन अवसर पर उन्होंने कहा की पुलिस में जाकर आप अपने सपनों को साकार ही नहीं करते, बल्कि दूसरों की जिंदगी भी सुरक्षित बनाते हैं.यह नौकरी आपको आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता और समाज में सम्मान दिलाती है. खासकर युवाओं और लड़कियों के लिए यह एक ऐसा क्षेत्र है, जिसमें वे अपना उज्ज्वल भविष्य बनाकर परिवार, समाज और देश का नाम रोशन कर सकती हैं. कार्यक्रम का संचालन डॉक्टर अमोल सोले ने किया.प्राचार्य डॉ ब्रह्मदीप अलूने ने बताया की इस छह दिवसीय कार्यशाला में विभिन्न पुलिस अधिकारियों और विषय विशेषज्ञों ने अपने अनुभव विद्यार्थियों से बांटे. ग्रामीण क्षेत्रों के युवाओं की बड़ी संख्या में भागीदारी से यह भी साफ हुआ की पुलिस में जाने के प्रति युवाओं में बड़ा रुझान है.

# निर्माणाधीन पुलिया पर घटिया सामग्री के आरोप, आंदोलन किया जायेगा

**कलेक्टर और सीएमओ से की शिकायत**

**नवभारत न्यूज**

**विदिशा, वार्ड क्रमांक 3, मां हॉस्पिटल रोड पर निर्माणाधीन पुलिया की गुणवत्ता को लेकर गंभीर सवाल उठाए गए हैं. पूर्व पार्षद एवं एडवोकेट सुभाष बोहत और पूर्व पार्षद आशा बोहत एडवोकेट ने कलेक्टर और मुख्य नगर पालिका अधिकारी को आवेदन देकर आरोप लगाया है कि पुलिया का निर्माण ठेका शर्तों के विपरीत तथा अत्यंत घटिया सामग्री का उपयोग कर किया जा रहा है.**

बोहत ने शिकायत में लिखा है कि निर्माण स्थल पर नाम मात्र की सामग्री का उपयोग हो रहा है, जो तकनीकी मानकों के विरुद्ध है. उल्लेखनीय है कि उक्त पुलिया से बरसात के मौसम में वार्ड क्रमांक 1, 2, 3, 4 एवं 5 का पानी निकलता है. नागरिकों ने आशंका व्यक्त की है कि वर्तमान निर्माण गुणवत्ता को देखते हुए पुलिया पहली ही बरसात नहीं झेल पाएगी और पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो सकती है, जिससे नागरिकों को भारी नुकसान तथा जन-जीवन को खतरा उत्पन्न होने की संभावना है. उन्होंने यह भी कहा कि यदि नगर पालिका द्वारा निर्धारित समय सीमा में जानकारी उपलब्ध नहीं कराई गई, तो क्षेत्रीय नागरिकों के साथ मिलकर लोकतांत्रिक तरीके से विरोध दर्ज कराया जाएगा.


